# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राँची झारखण्ड ,

मॉडल प्रश्न पत्र SECONDARY EXAM 2023

| कक्षा: 10 | विषय – सामाजिक विज्ञान | समय- 1:30 घंटे | पूर्णांक: 40 |
|---|---|---|---|

सामान्य निर्देश-:

- कुल 40 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये।
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।

1. राष्ट्रवाद में एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में रहनेवाली जनता इनमें से किसके द्वारा जुडी होती है?
   a. समान संस्कृति
   b. समान इतिहास
   c. भाषा और लोक परंपरा
   d. इनमें से सभी

2. जर्मनी के एकीकरण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले बिस्मार्क कहाँ के चांसलर थे?
   a. ऑस्ट्रिया
   b. बर्लिन
   c. प्रशा
   d. म्यूनिख
3. सरदार बल्लभ भाई पटेल ने किस किसान आन्दोलन का नेतृत्व किया था?
   a. खेड़ा आन्दोलन
   b. बारदोली आन्दोलन
   c. चंपारण आन्दोलन
   d. व्यक्तिगत सत्याग्रह आन्दोलन
4. साइमन कमीशन भारत क्यों आया?
   a. भारत में संवैधानिक व्यवस्था की कार्यशैली का अध्ययन करने
   b. नई शिक्षा नीति लागु करने
   c. लगान से सम्बंधित कानून बनाने
   d. व्यापार सम्बंधित कानून बनाने
5. प्राचीन काल में किस स्थल मार्ग से एशिया और यूरोप का व्यापार होता था?
   a. सूती मार्ग
   b. रेशम मार्ग
   c. उत्तरापथ
   d. दक्षिणापथ
6. गाड़ियों के उत्पादन के लिए एसेंबली लाइन का प्रयोग अमेरिका में सबसे पहले किसने किया था?

Jharnet.com fb.me/jharnets t.me/jharnets

a. एडिसन
b. फिलिप्स
c. रूजवेल्ट
d. हेनरी फोर्ड

7. 'डॉन ऑफ़ द सेंचुरी' नामक चित्र में किसका महिमामंडन है?
a. राष्ट्रवाद
b. प्रजातंत्र
c. औद्योगीकरण
d. संगीत

8. स्पिनिंग जेनी मशीन ने किस प्रक्रिया में वृद्धि की?
a. कताई
b. बुनाई
c. छपाई
d. रंगाई

9. भारत में पहला प्रिंटिंग प्रेस किनके द्वारा लाया गया था?
a. फ्रांसीसियों द्वारा
b. पुर्तगालियों द्वारा
c. डचों द्वारा
d. अंग्रेजों द्वारा

10. गैली क्या है?
a. धातुई फ्रेम
b. चर्मपत्र
c. ताम्रपत्र
d. पाण्डुलिपि

11. यदि सरकार के विभिन्न अंगो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता का बंटवारा रहता है तो उसे सत्ता का----------------- वितरण कहा जाता है|
a. क्षैतिज
b. उर्ध्वाधर
c. दबाव समूह
d. सामुदायिक

12. भारतीय संघ में इस समय है---
a. 25 राज्य और 6 संघीय क्षेत्र
b. 28 राज्य और 8 संघीय क्षेत्र
c. 26 राज्य और 7 संघीय क्षेत्र
d. 28 राज्य और 6 संघीय क्षेत्र

13. मैक्सिको ओलंपिक की कहानी किस आन्दोलन से सम्बंधित है?
a. अश्वेत शक्ति आन्दोलन
b. नारीवादी आन्दोलन

c. नागरिक अधिकार आन्दोलन
d. नश्लाभेद आन्दोलन

14. संविधान की किस अनुच्छेद द्वारा अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया गया है?
a. अनुच्छेद 16
b. अनुच्छेद 15
c. अनुच्छेद 18
d. अनुच्छेद 17

15. बामसेफ (BAMCEF) निम्न में से किसका संगठन है?
a. किसानों का
b. सरकारी कर्मचारियों का
c. उद्योगपतियों का
d. मजदूरों का

16. भारत में राजनीतिक दलों को मान्यता कौन देता है?
a. राष्ट्रपति
b. संसद
c. उच्चतम न्यायालय
d. चुनाव आयोग

17. लोकतान्त्रिक सरकार होती है----
a. उत्तरदायी सरकार
b. जिम्मेदार सरकार
c. वैध सरकार
d. उपरोक्त सभी

18. लोगों को राजनीतिक सुधार लागु करने में और सशक्त बनाने वाला कौन सा अधिनियम श्रेष्ठतम है?
a. सूचना का अधिकार
b. स्वतंत्रता का अधिकार
c. शिक्षा का अधिकार
d. समानता का अधिकार

19. निम्न में से किस राजनीतिक संस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित हैं?
a. लोकसभा
b. विधानसभा
c. पंचायती राज
d. उपरोक्त सभी

20. 'नर्मदा बचाओ' आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया था?
a. वृंदा करात
b. मेधा पाटेकर

c. सोनिया गाँधी
d. मायावती

21. समाप्यता के आधार पर संसाधन कितने प्रकार के होते हैं?
   a. दो
   b. तीन
   c. चार
   d. इनमें कोई नहीं
22. किस राज्य में काली मृदा मुख्य रुप से नहीं पाई जाती है?
   a. महाराष्ट्र
   b. गुजरात
   c. मध्य प्रदेश
   d. राजस्थान
23. भारत में जैव विविधता को कम करने वाले कारक कौन हैं?
   a. वन्य जीव के आवास का विनाश
   b. वन्य जीव को मारना या शिकार करना
   c. पर्यावरणीय प्रदूषण एवं दावानल
   d. उपरोक्त सभी
24. बहुउद्देशीय परियोजनाओं का कौन सा लाभ है?
   a. बाढ़ पर नियंत्रण
   b. सिंचाई की सुविधा
   c. जल विद्युत उत्पादन
   d. उपरोक्त सभी

25. चाय, कॉफी, रबर, गन्ना, केला आदि किस तरह की फसलें हैं?
   a. दलहन फसलें
   b. तेलहन फसलें
   c. रोपण फसलें
   d. मोटे अनाज
26. भारत में धान की खेती मुख्य रूप से किस फसल ऋतु में की जाती है?
   a. खरीफ
   b. रबी
   c. जायद
   d. रबी और जायद
27. निम्नांकित कोयले की खानों में से कौन झारखण्ड राज्य में है?
   a. तलचर
   b. बोकारो
   c. सिंगरेनी
   d. रानीगंज

28. निम्नांकित में से कौन एक आधारभूत उद्योग है?
   a. चीनी उद्योग
   b. लोहा इस्पात उद्योग
   c. सूती वस्त्र उद्योग
   d. उर्वरक उद्योग
29. कारखानों द्वारा निष्कासित एक लीटर अपशिष्ट से लगभग कितना गुणा जल दूषित होता है?
   a. तीन गुणा
   b. पाँच गुणा
   c. आठ गुणा
   d. दस गुणा
30. निम्नांकित में से सड़क परिवहन के बारे में कौन सा कथन असत्य है?
   a. सड़क घर-घर सेवाएँ उपलब्ध कराता है.
   b. उबड़ खाबड़ भूमि पर भी बनाई जा सकती है.
   c. सडक परिवहन, अन्य परिवहन के साधनों के लिए कड़ी का कार्य करता है.
   d. रेलवे की अपेक्षा लागत बहुत अधिक है.
31. मानव विकास रिपोर्ट देशों की तुलना किस आधार पर करती है?
   a. स्वास्थ्य
   b. शिक्षा
   c. प्रति व्यक्ति आय
   d. उपरोक्त सभी
32. इनमे से कौन भावी पीढ़ी के कल्याण को परिभाषित करता है?
   a. आर्थिक विकास
   b. संवृद्धि
   c. धारणीय विकास
   d. जीवन की गुणवत्ता
33. सलमा एक सरकारी अस्पताल में नर्स का कार्य करती हैं। सलमा किस क्षेत्रक की गतिविधि में संलग्न है?
   a. प्राथमिक
   b. द्वितीयक
   c. असंगठित
   d. संगठित
34. सेवा क्षेत्र में इनमे से किस तरह की गतिविधियाँ शामिल है?
   a. कृषि,डेयरी,मछली पालन और वानिकी
   b. चीनी,गुड,ईंट बनाना
   c. परिवहन,संचार और बैंकिंग
   d. इनमे से कोई नहीं
35. निम्न में से कौन वस्तु विनिमय का उदाहरण है?

a. एक गाय के बदले पाँच बकरी का सौदा
b. एक गाय को दस हजार में बेचना
c. बैंक से गाय प्राप्त करना
d. गाय का दूध बेचना

36. व्यापारिक बैंक के क्या कार्य हैं?
a. साख निर्माण
b. ऋण देना
c. जमा स्वीकार करना
d. इनमें से सभी

37. बहुराष्ट्रीय कंपनियों का ----------------------- देशों में उत्पादन पर नियंत्रण होता है?
a. केवल एक
b. एक
c. एक से अधिक
d. किसी भी देश में नहीं

38. फोर्ड मोटर किस देश की कंपनी है?
a. भारत
b. जापान
c. अमेरिका
d. चीन

39. हालमार्क किस प्रकार की वस्तुओं की गुणवत्ता का प्रमाणक चिह्न है?
a. खाद्य तेल
b. हेलमेट
c. आभूषण
d. कपड़ा

40. राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
a. 15 अगस्त
b. 24 दिसंबर
c. 26 जनवरी
d. 5 जून